Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue regarding atrocities on minorities in Bangladesh.

डॉ. राजदीप राय (सिल्चर): स्पीकर महोदय, मैं एक बहुत ही संगीन विषय पर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । हमारा पड़ोसी राज्य बंग्लादेश है । हालांकि बंग्लादेश के साथ हमारे राजनयिक संबंध काफी अच्छे हैं । लेकिन बंग्लादेश में आज के दिन भी अल्पसंख्यकों – हिंदू, सिख, ईसाई और बौद्धों पर अत्याचार हो रहे हैं ये और आए दिन अखबारों की हैड लाइंस बनाते रहते हैं । कुछ दिन पहले भी एक उभरते हुए वकील, जो कि एक्टिविस्ट थे, उनको अंडर डिटेंशन, अंदर घुस कर मारा गया । यह सब सोशल मीडिया में भी आया था । कुछ दिन पहले दुर्गा पूजा और नवरात्रि के पर्व पर भी माइनोरिटीज़ के ऊपर अत्याचार हुआ है । बहुत जगहों से हमको खबर मिली है कि पूजा आदि बंद हो रखी थी । मेरी आपसे और सरकार से गुजारिश है कि ये सब इनता सीरियस मैटर है to take it up on a serious note. हालांकि हमारे प्रधान मंत्री हमेशा कहते रहते हैं कि ‘इंडियन-डायस्पोरा, इंडियन-डयस्पोरा’ । उसमें कोई कार्यवाही शुरू की जाए तो मेरे ख्याल से अच्छा होगा ।